# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

## अभिषद् की बैठक दिनांक 20.09.2025 का कार्यवृत्त

समयः 05:30 बजे

स्थानः कुलपति आवासीय कार्यालय का सभाकक्ष

माध्यमः ऑनलाईन एवं ऑफलाईन।

उपस्थितिः

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | श्री गोपाल जी ठाकुर | – | सदस्य |
| 3. | डॉ0 हरि नारायण सिंह | – | सदस्य |
| 4. | डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 5. | डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 6. | श्रीमती मीना कुमारी | – | सदस्य |
| 7. | प्रो0 अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 8. | डॉ0 विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 9. | डॉ0 धनेश्वर प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 10. | श्री सुजीत पासवान | – | सदस्य |
| 11. | डॉ0 अमर कुमार | – | सदस्य |
| 12. | डॉ0 गुलाम सरवर | – | सदस्य |
| 13. | डॉ0 वीरेन्द्र कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 14. | डॉ0 अनिल कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 15. | डॉ0 दिव्या रानी हंसदा, कुलसचिव | – | सचिव |

अध्यक्ष महोदय को सचिव द्वारा गणापूर्ति की सूचना प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति माँगी गई। अनुमति प्राप्ति के पश्चात सचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की विधिवत् कार्यवाही प्रारंभ की गई।

मद सं0 1 अभिषद् की गत बैठक दिनांक 19.07.2025 के कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से, अभिषद् की गत बैठक दिनांक 19.07.2025 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया गया।**

मद सं0 2 अभिषद् की गत बैठक दिनांक 19.07.2025 के अनुपालन पर विचार।

निर्णय : **अभिषद् की गत बैठक दिनांक 19.07.2025 के अनुपालन–प्रतिवेदन पर विचार किया गया तथा निर्णय लिया गया कि प्रक्रियाधीन निर्णयों को 15 दिनों के अभ्यंतर पूर्ण कर लिया जाय। इसके साथ ही, दिनांक 19.07.2025 के अनुपालन प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 3 अनुशासन समिति की बैठक दिनांक 29.08.2025 की कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से, दिनांक 29.08.2025 को सम्पन्न अनुशासन समिति की बैठक के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 4 वित्त समिति की बैठक दिनांक 17.07.2025 एवं 15.09.2025 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय : **वित्त समिति की बैठक दिनांक 17.07.2025 एवं 15.09.2025 के कार्यवृत्तों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**



20.09.25

519

मद सं0 5 डॉ0 सूरज कुमार, C/0- श्री अनिल कुमार सिंह, जानकी निवास, हीरा बाबू मार्केट, ट्रैफिक चौक, बेगूसराय – 851101 ने विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (यथा अद्यतन संशोधित) की धारा 18(13) के अन्तर्गत आजीवन दान दाता सदस्य बनने हेतु विश्वविद्यालय कोष में 1,01,000/– रू0 (एक लाख एक हजार रूपये मात्र) दान स्वरूप जमा किया है। अतएव, डॉ0 सूरज कुमार को आजीवन अधिषद् सदस्य बनाने हेतु अभिषद् सदस्यों के समक्ष अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु विचारार्थ उपस्थापित।

निर्णय : **सदन में उपस्थित माननीय सदस्यों द्वारा इस मद पर गहण विचार–विमर्श किया गया तथा निर्णय लिया गया कि अधिषद् सदस्य के लिए विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 18(13) के अन्तर्गत आजीवन दान दाता सदस्य के लिए जिन लोगों को सदस्य नहीं माना गया, उनकी जमा की गई राशि उनके अधियाचना के पश्चात सम्मानपूर्वक लौटाया जाए। इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि पुराने जितने भी संबंधित मामले राजभवन को भेजा गया और अद्यतन लंबित है, उन सभी माामलों पर राज्यपाल सचिवालय से भी दिशा–निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त की जाए।**

मद सं0 6 बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना के अनुशंसा के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा प्रधानाचार्य के पद पर किये गये नियुक्ति की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

निर्णय : **बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना के अनुशंसा के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा प्रधानाचार्य के पद पर किये गये नियुक्ति की घटनोत्तर स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। इसके साथ ही, यह भी निर्णय लिया गया कि सभी सफल उम्मीदवारों द्वारा समर्पित एकेडमिक एक्सपीरियंस प्रमाण–पत्र की जाँच कुलसचिव एवं उप–कुलसचिव द्वितीय कार्यालय द्वारा उनके पैरेंट संस्थान से करवाया जाए।**

मद सं0 7 डॉ0 सुरेन्द्र कुमार दास, सहायक प्राचार्य, मैथिली विभाग, भी0एस0जे0 कॉलेज, राजनगर, मधुबनी को विधानसभा चुनाव 2025 में उम्मीदवारी हेतु अगस्त से दिसम्बर, 2025 तक असाधारण अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से, डॉ0 सुरेन्द्र कुमार दास, सहायक प्राचार्य, मैथिली विभाग, भी0एस0जे0 कॉलेज, राजनगर, मधुबनी को विधानसभा चुनाव 2025 में उम्मीदवारी हेतु अगस्त, 2025 से दिसम्बर, 2025 तक असाधारण अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गई।**

**साथ ही, नये अधिनियम के आलोक में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में भी सहायक प्राध्यापकों के प्रोबेशन पीरिएड को दो साल से घटा कर एक साल करने का निर्णय लिया गया। जिसकी अधिसूचना यथाशीघ्र निर्गत करने पर सहमति बनी।**

मद सं0 8 डॉ0 रामा शंकर, सहायक प्राचार्य, विधि विभाग, सी0एम0 विधि महाविद्यालय, दरभंगा को दिनांक 20.09.2023 से स्वीकृत दो वर्षो के ग्रहणाधिकार को अगले एक वर्ष 19.09.2026 तक के लिए किये गये अवधि विस्तार की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से, डॉ0 रामा शंकर, सहायक प्राचार्य, विधि विभाग, सी0एम0 विधि महाविद्यालय, दरभंगा को दिनांक 20.09.2023 से स्वीकृत दो वर्षो के ग्रहणाधिकार को अगले एक वर्ष 19.09.2026 तक के लिए किये गये अवधि विस्तार की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।**

मद सं0 9 डॉ0 रितिका मौर्या, सहायक प्राचार्य, वाणिज्य विभाग, सी0एम0 कॉलेज, दरभंगा को पूर्व में स्वीकृत एक वर्ष के ग्रहणाधिकार को अगले एक वर्ष के अवधि विस्तार की घटनोत्तर स्वीकृंते पर विचार।



20/07/25

1518

| | | |
|---|---|---|
| निर्णय | : | **डॉ0 रितिका मौर्या, सहायक प्राचार्य, वाणिज्य विभाग, सी0एम0 कॉलेज, दरभंगा को पूर्व में स्वीकृत एक वर्ष के ग्रहणाधिकार को अगले एक वर्ष के अवधि विस्तार की घटनोत्तर स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई।** |
| मद सं0 | 10 | डॉ0 घनश्याम राय, एसोसिएट प्रोफेसर, विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग, को मुँगेर विश्वविद्यालय, मुँगेर के कुलसचिव के पद पर विरमन की तिथि से तीन वर्षों का स्वीकृत ग्रहणाधिकार–सह–असाधारण अवैतनिक अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार। |
| निर्णय | : | **डॉ0 घनश्याम राय, एसोसिएट प्रोफेसर, विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग, को मुँगेर विश्वविद्यालय, मुँगेर के कुलसचिव के पद पर विरमन की तिथि से तीन वर्षों का स्वीकृत ग्रहणाधिकार–सह–असाधारण अवैतनिक अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई।** |
| मद सं0 | 11 | विश्वविद्यालय सेवा अन्तर्गत स्नातकोत्तर विभागों/अंगीभूत महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों में कार्यरत अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों का सेवा नवीनीकरण चयन समिति के अनुशंसा के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अधिसूचना के घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार। |
| निर्णय | : | **विश्वविद्यालय सेवा अन्तर्गत स्नातकोत्तर विभागों/अंगीभूत महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों में कार्यरत अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों का सेवा नवीनीकरण चयन समिति के अनुशंसा के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अधिसूचना पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।** |
| मद सं0 | 12 | श्री अमलेन्दु कुमार, सहायक प्राचार्य, गणित विभाग, आर0बी0एस0 कॉलेज, अन्दौर, समस्तीपुर को आई0आई0आई0टी0 राँची से पार्ट टाईम पी0एच.डी0 कोर्स वर्क करने हेतु महाविद्यालय द्वारा विरमन की तिथि से छः माह का असाधारण अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति पर विचार। |
| निर्णय | : | **श्री अमलेन्दु कुमार, सहायक प्राचार्य, गणित विभाग, आर0बी0एस0 कॉलेज, अन्दौर, समस्तीपुर को आई0आई0आई0टी0 राँची से पार्ट टाईम पी0एच.डी0 कोर्स वर्क करने हेतु महाविद्यालय द्वारा विरमन की तिथि से छः माह का असाधारण अवैतनिक अवकाश को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।** |
| मद सं0 | 13 | सम्बद्ध महाविद्यालयों में जिनके शासी निकाय का कार्यकाल पूरा हो चुका था, उनके स्थान पर नये गठित शासी निकायों के संबंध में कुलपति द्वारा दिये गये आदेश के घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार। |
| निर्णय | : | **सम्बद्ध महाविद्यालयों में जिनके शासी निकाय का कार्यकाल पूरा हो चुका था, उनके स्थान पर नये गठित शासी निकायों के संबंध में कुलपति द्वारा दिये गये आदेश को सर्वसम्मति से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।** |
| मद सं0 | 14 | **<u>अतिरिक्त मद</u>** |
| अतिरिक्त मद सं0 | 1 | अनुमोदन, वरीयता एवं वेतन निर्धारण समिति की बैठक दिनांक 12.09.2025 के मद संख्या 01, 02, 03 एवं 04 में लिये गए निर्णय पर विचार। |
| निर्णय | : | **अनुमोदन, वरीयता एवं वेतन निर्धारण समिति की बैठक दिनांक 12.09.2025 के मद संख्या 01, 02, 03 एवं 04 में लिये गए निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।** |

**<u>अन्यान्य मदः</u>**

| | | |
|---|---|---|
| अन्यान्य मद | 1 | डॉ0 अमर कुमार ने 4th Phase College के संबंध में सदन को सूचित किया कि सेवा निवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मीयों के सेवानिवृत्ति के उपरान्त वेतन बिन्दु का निर्धारण करते हुए उनको देय पेंशन, पारिवारिक पेंशन, अनुपयोगित अर्जित अवकाश, उपादान की राशि तथा अन्य बकाये की राशि की गणना करवाने का अनुरोध किया। |



20/09/25

| | | |
|---|---|---|
| निर्णय | : | **उक्त विषय पर माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से, इस हेतु गठित समिति के संयोजक प्रो0 विजय कुमार यादव ने सदन को सूचित किया कि समिति की बैठक लगातार हो रही है और 14वीं बैठक हो चुकी है। माननीय सदस्य द्वारा उठाये गये बिन्दु के संबंध में उन्होनें सूचित किया कि पेंशन पदाधिकारी एवं उनके टीम को इस कार्य को 10 दिनों में सम्पादित कर समिति को हस्तगत कराने हेतु आग्रह किया जा चुका है। एक महीने में समिति अपना प्रतिवेदन समर्पित कर देगी। जिस पर सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 2 | डॉ0 अमर कुमार ने बी0एड0 कॉलेजों में फेकल्टी मेंम्बर्स की कमी को सदन से समक्ष रखा और आवश्यक कार्रवाई हेतु आग्रह किया। |
| निर्णय | : | **माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अध्यक्ष, छात्र कल्याण द्वारा इस संबंध में किये जा रहे कार्य से सदन को अवगत कराया, जिस पर सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 3 | डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी 'बैजू' ने सूचित किया कि पूर्व के कार्यकाल में उन पर संगीन आरोप लगा उनको उनके चारों महाविद्यालयों के डोनर मेंम्बर से हटा दिया गया। |
| निर्णय | : | **नियमानुसार उक्त मद को देखने के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय ने छः सदस्यीय समिति का गठन करने का निर्देश दिया। समिति की संरचना निम्न प्रकार हैं:–**<br>**1. डॉ0 हरि नारायण सिंह**<br>**2. श्रीमती मीना कुमारी**<br>**3. श्री सुजीत पासवान**<br>**4. प्रो0 विजय कुमार यादव**<br>**5. अध्यक्ष, छात्र कल्याण**<br>**6. महाविद्यालय निरीक्षक – संयोजक** |
| अन्यान्य मद सं0 | 4 | श्रीमती मीना कुमारी ने सदन को सूचित किया कि महाविद्यालयों में आयोजित समारोह में माननीय सिंडिकेट सदस्यों को नहीं बुलाया जाता है। |
| निर्णय | : | **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस हेतु एक पत्र सभी प्रधानाचार्यों/प्रभारी प्रधानाचार्यों को भेजा जाय, जिसमें वे अपने महाविद्यालय में आयोजित समारोह में लोकल सिंडिकेट मेंम्बर्स को आमंत्रित करें।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 5 | प्रो0 अशोक कुमार मेहता, अध्यक्ष, छात्र कल्याण ने अध्यक्ष महोदय से निवेदन किया कि विश्वविद्यालय में एक हाई–फाई सिंडिकेट हॉल का निर्माण किया जाए। |
| निर्णय | : | **उक्त प्रस्ताव पर सदन द्वारा सहमति प्रदान किया गया। साथ ही, कुलपति आवासीय सभागार की मरम्मती करवाते हुए सभी अपेक्षित एवं आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित कराया जाए।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 6 | डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी ने प्रस्तांव दिया कि सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों में डोनर नियमानुसार नियुक्त है या नहीं, इसकी जाँच करवाई जाए। |
| निर्णय | : | **इस पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा एक समिति का गठन किया गया जिसमें निम्नांकित मनोनीत सदस्य होगें:–**<br>**1. प्रो0 दिलीप कुमार चौधरी**<br>**2. डॉ0 हरि नारायण सिंह**<br>**3. श्रीमती मीना कुमारी**<br>**4. महाविद्यालय निरीक्षक – संयोजक** |
| अन्यान्य मद सं0 | 7 | 16 अक्टूबर, 2025 को आयोजित होने वाले 11वीं दीक्षांत समारोह की तैयारी। |
| निर्णय | : | **सदन द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर, 2025 को आयोजित होने वाले 11वीं दीक्षांत समारोह की तैयारी, उसमें आने वाले व्यय, सम्पूर्ण देख–रेख इत्यादि हेतु कुलपति–सह– अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।** |



29/09/25

| | | |
|---|---|---|
| अन्यान्य मद सं0 | 8 | 11वीं दीक्षांत समारोह में प्रदान किये जाने वाले मानद उपाधि पर विचार। |
| निर्णय | : | **सदस्यों के अनुरोध पर कुलपति सह अध्यक्ष ने तीन नाम क्रमशः**<br>**1. डा0 रामवचन राय, साहित्य के क्षेत्र में।**<br>**2. डा0 राजमणि प्रसाद सिन्हा, विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में।**<br>**3. डा0 समरेन्द्र प्रताप सिंह, चिकित्सा के क्षेत्र में।**<br>**मानद उपाधि हेतु सदन के समक्ष प्रस्तावित किया। इसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।** |
| अन्यान्य मद सं0 | 9 | डॉ0 अमर कुमार ने प्रथम तल पर अवस्थित पेंशन शाखा जाने हेतु सीढ़ी चढने मे असमर्थ पेंशनरों तथा अन्य ओल्ड ऐज प्राचार्यों या बीमार व्यक्तियों के लिये लिफ्ट को क्रियाशील करवाने हेतु आग्रह किया। |
| निर्णय | : | **सर्वसम्मति से, निर्णय लिया गया कि लिफ्ट को सही करवाते हुए उसे क्रियाशील कराया जाय।** |

**बैठक में चक्रानुक्रम में मनोनीत नये सदस्यों का परिचय लेते हुए सदन द्वारा उनका स्वागत एवं अभिवादन किया गया।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों को बैठक के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग, महत्त्वपूर्ण सुझाव तथा कीमती समय दिये जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तदुपरान्त, बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।**

**(डॉ0 दिव्या रानी हंसदा)**
**कुलसचिव–सह–सचिव**

**(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)**
**कुलपति–सह–अध्यक्ष**

**ज्ञापांक :– UB-815/25** **दिनांक–20.09.2025**

**प्रतिलिपि प्रेषित–**

1. **अभिषद् के सभी सदस्य,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **सचिव, उच्च शिक्षा,** बिहार पटना;
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा,** बिहार पटना;
4. **उप–सचिव,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना;
5. **सभी पदाधिकारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

**को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।**

20/09/25

**कुलसचिव**

20/09/25